स्वच्छता पर सवाल | स्मार्ट सिटी बनीं गार्बेज सिटी, शहर के कई इलाकों का हाल बेहाल

शहर की सफाई व्यवस्था की उड़ी धज्जियां

रानी दुर्गावती संग्रहालय का हाल

नेपियर टाउन का हाल

नवभारत, जबलपुर। स्वच्छता के बड़े-बड़े दावों के बीच हमारा शहर धीरे-धीरे कचरे के ढेर में तब्दील होता जा रहा है। शहर के मुख्य बाजारों से लेकर रिहायशी इलाकों तक, सड़कों के किनारे पड़े कूड़े के ढेर न सिर्फ प्रशासनिक दावों की पोल खोल रहे हैं, बल्कि स्थानीय प्रशासन की घोर लापरवाही को भी उजागर कर रहे हैं। नियमित सफाई न होने और कचरा प्रबंधन की कमी के कारण आज भी शहर का अधिकांश हिस्सा गंदगी की चपेट में है, जिससे नागरिकों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है।

कला पर गंदगी का ग्रहण

शहर को सुंदर दिखाने के लिए प्रशासन ने लाखों रुपये खर्च करके दीवारों पर खूबसूरत वॉल पेंटिंग तो बनवा दी, लेकिन जमीनी हकीकत आज इस कला का मजाक उड़ा रही है। नवीन विद्या भवन, नेपियर टाउन के पास दीवारों पर बनी आकर्षक कलाकृतियों की खूबसूरती पूरी तरह से कचरे के ढेरों के पीछे छिप गई हैं। पेंटिंग के ठीक नीचे हफ्तों से सड़ रहे कूड़े का अंबार, प्लास्टिक का कचरा और उससे उठती तेज बदबू ने इस पूरी सुंदरता पर गंदगी का गहरा ग्रहण लगा दिया है। यह स्थिति साफ़ दर्शाती है कि प्रशासन का ध्यान सिर्फ़ कागज़ी दिखावे पर टिका हुआ है। बिना किसी ठोस कचरा प्रबंधन और नियमित उठान व्यवस्था के, जनता की कमाई के लाखों रुपये इन दीवारों को रंगने में बहाना पूरी तरह से बजट की फिजूलखर्ची साबित हो रहा है। दीवारों पर लिखे स्वच्छता के संदेश खुद गंदगी के इस समंदर के बीच अपनी प्रासंगिकता खो चुके हैं और यह बदहाली प्रशासनिक तंत्र की घोर लापरवाही को साफ बयां करती है।

धरोहरें सुरक्षित, स्वच्छता गायब

शहर के ऐतिहासिक रानी दुर्गावती संग्रहालय की चारदीवारी के भीतर का नजारा प्रशासन के दावों और जमीनी हकीकत के बीच के बड़े अंतर को साफ बयां करता है। एक तरफ जहाँ वीरांगना रानी दुर्गावती के कालखंड से जुड़े सदियों पुराने इतिहास, अमूल्य धरोहरों और प्राचीन कलाकृतियों को कांच के बक्सों में बेहद सहेजकर सुरक्षित रखा गया है, वहीं दूसरी तरफ परिसर के कोनों, दीर्घाओं और रास्तों पर लगे कचरे के ढेर प्रबंधन की घोर उदासीनता को उजागर कर रहा है। देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों और कलाप्रेमियों को आकर्षित करने वाले इस महत्वपूर्ण केंद्र में जगह-जगह बिखरा प्लास्टिक का कचरा, धूल और सड़ रही गंदगी न केवल इसकी भव्यता को धूमिल कर रही है, बल्कि शहर की साख पर भी गहरा दाग लगा रही है। ऐतिहासिक अवशेषों के ठीक बगल में लगा यह कचरे का अंबार साफ दर्शाता है कि संग्रहालय प्रशासन का ध्यान सिर्फ टिकट खिड़की और कागजी रखरखाव पर केंद्रित है, जबकि परिसर की बुनियादी स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह से भगवान भरोसे छोड़ दी गई है।

इन इलाकों में सफाई व्यवस्था ध्वस्त

गलगला, अंधेरदेव, शास्त्री ब्रिज के पास, विजन पैलेस होटल के सामने, हितकारिणी कॉलेज करमचंद चौक के पास, तुलाराम चौक, आनंद नगर बस स्टॉप जैसे शहर के कई इलाकों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। मुख्य बाजारों से लेकर रिहायशी कॉलोनियों तक की सड़कों और मोड़ पर कचरे के विशाल ढेर लग चुके हैं। नगर निगम की गाड़ियां समय पर न आने और नियमित रूप से कचरा न उठाए जाने के कारण स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है।

जिम्मेदारों का रटा-रटाया जवाब

नगर निगम के स्वच्छता के जिम्मेदार अधिकारियों से जब इलाकों में फैली गंदगी को साफ़ करने के लिए बोला जाता है तो उनका हमेशा की तरह एक ही जवाब रहता है कि स्वच्छता अमले को मौके पर भेजा जाएगा और सफाई की जाएगी लेकिन मौजूदा हालात अधिकारियों के सफाई के दावे को सिरे से खारिज करते हुए नजर आ रहे है।

कछपुरा ब्रिज पर सिग्नल और डिवाइडर लगाने की मांग

नवभारत, जबलपुर। कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ ने नगर निगम की जनसुनवाई में कछपुरा ब्रिज और आसपास के क्षेत्रों की यातायात एवं अतिक्रमण संबंधी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। संघ के पदाधिकारियों ने कछपुरा ब्रिज चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल, डिवाइडर निर्माण तथा सड़क सुरक्षा के स्थायी इंतजाम किए जाने की मांग की। व्यापारी संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि हाल ही में क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में महिला की मृत्यु हो गई थी। उनका कहना है कि यदि चौराहे पर सिग्नल और डिवाइडर जैसी व्यवस्थाएं होतीं तो दुर्घटना को रोका जा सकता था। संघ ने आरोप लगाया कि कछपुरा ब्रिज के पैदल मार्गों और सड़क किनारे फल एवं सब्जी विक्रेताओं द्वारा अतिक्रमण किए जाने से यातायात प्रभावित हो रहा है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है। ज्ञापन में रानीताल से कछपुरा ब्रिज तक सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाने, कछपुरा ब्रिज चौराहे के उन्नयन तथा क्षेत्र को सुव्यवस्थित और आकर्षक बनाने की मांग भी की गई। व्यापारी संघ ने लाड़ली लक्ष्मी पथ एवं मछली मार्केट के समीप खुले मार्ग के कारण प्रतिदिन लगने वाले जाम की समस्या का भी उल्लेख किया। व्यापारी संघ के विजय गुप्ता और धनंजय बाजपेयी ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में भी नगर निगम को चेतावनी पत्र दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। संघ के आनंद शर्मा ने कहा कि बरसात के मौसम को देखते हुए नालियों और नालों पर किए गए अतिक्रमण भी तत्काल हटाए जाने चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो व्यापारी संघ जनआंदोलन करने को बाध्य होगा।

समरसता सेवा संगठन इस वर्ष भी करेगा समरसता का प्रवाह

▸ समरसता के रंगों में समाहित होंगे कई नवीन रंग

नवभारत,जबलपुर। भारतीय आध्यात्म मनीषा के सैद्धांतिक आधार 'वसुधैव कुटुंबकम' के वैश्विक भाव को साकार करने के लिए 'समरसता' नामक जिस मानवीय मूल्य की मूलभूत आवश्यकता है, उसे साकार करने की दिशा में सब सबको जाने - सब सबको माने के सूत्र के साथ समरस भारत से समर्थ भारत के ध्येय को लेकर समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य कर रहे 'समरसता सेवा संगठन' ने वर्ष 2026 - 27 की कार्ययोजना में कई नवीन बिंदुओं को शामिल किया है।

संगठन के सदस्यों की आम राय से मौजूदा वर्ष के लिए बनी कार्ययोजना में पारंपरिक आयोजनों के साथ नए आकर्षणों पर भी जोर दिया गया है। इस वर्ष के आयोजनों में 'समरसता' के प्रवाह के साथ 'सेवा' और 'संगठन' के विस्तार पर फोकस है। इस आशय की जानकारी 'समरसता सेवा संगठन' के अध्यक्ष पवन पांडे, सचिव मनोज सेठ, आयोजन प्रभारी उज्जवल पचौरी ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता में दी। पत्रकार वार्ता में बताया गया कि बीते तीन वर्षों में संगठन के निवृत्तमान और आजीवन संस्थापक अध्यक्ष संदीप जैन ने विचार प्रवाहना और प्रकृति आराधना के माध्यम से समरसता का सफल संदेश दिया। समरसता सेवा संगठन के संस्थापक अध्यक्ष संदीप जैन के मार्गदर्शन में नई कार्यकारिणी ने इस वर्ष 2026-27 के कैलेंडर में प्रकृति पूजा के साथ मानव सेवा और संगठन विस्तार की कार्ययोजना बनाई है।

कुछ इस प्रकार प्रस्तावित हुए कार्यक्रम

समरसता सेवा संगठन की वर्ष 2026-27 की प्रस्तावित कार्ययोजना में जून में नशा मुक्ति एवं मधुमेह पर संगोष्ठी सहित अन्य आयोजन, जुलाई में वृहद पौधारोपण प्रकृति सेवा महायज्ञ का आयोजन, गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर सामूहिक गुरुपूजन एवं वंदन, अगस्त में तीसरे सावन सोमवार पर श्री रुद्राभिषेक महोत्सव का आयोजन एवं कजलिया मिलन महोत्सव, सितंबर में राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, अक्टूबर में मातृ शक्ति को समर्पित वृहद समरसता गरबा महा महोत्सव कर आयोजन, नवंबर में जन जातीय गौरव दिवस के अवसर पर स्वदेशी एवं गौ वंश की महत्ता आधारित आयोजन, दिसंबर में युवा शक्ति को समर्पित समरसता प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता समरसता मैत्री क्रिकेट कप प्रतियोगिता, जनवरी 2027 में संक्राति महा महोत्सव के तहत पतंग महोत्सव एवं समरसता खिचड़ी भोग का आयोजन, फरवरी 2027 में नर्मदा प्राकट्य महोत्सव पर वृहद भंडारा एवं सर्वसमाज/सर्वसुझाव सुझाव बैठक का आयोजन, मार्च 2027 में रंगपंचमी के अवसर पर समरंग यात्रा का आयोजन एवं समरसता होली महोत्सव का आयोजन, अप्रैल 2027 में समरसता गौरव दिवस के तहत विशेष गोष्ठी एवं अन्य सांस्कृतिक आयोजन और मई 2027 में परिवार दिवस के तहत पारिवारिक मूल्यों को समर्पित विशेष आयोजन शामिल है।

एक नजर में

कबीर गौरव अलंकरण से नवाज़े गए इंजीनियर विनोद नयन

नवभारत,जबलपुर। कबीर साहित्य परिषद सतना नागौद में आयोजित हुए अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में संस्कार धानी के वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि इंजीनियर विनोद नयन को उनकी 35 वर्षों की सतत एवं उल्लेखनीय साहित्यिक साधना के लिए 'कबीर गौरव अलंकरण' से सम्मानित किया गया। परिषद के अध्यक्ष आजाद वतन वर्मा ने उन्हें मानपत्र, शाल, श्रीफल तथा 21 हजार रुपये का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में देशभर से आए प्रतिष्ठित कवियों ने कबीर की वाणी और दर्शन पर आधारित रचनाओं का प्रभावशाली काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का सफल संचालन इंजीनियर विनोद नयन ने किया। सम्मान समारोह में आचार्य भगवत दुबे, बसंत शर्मा, मकबूल अली, डॉ. रानू रूही, डॉ. विनीत पांडेय, डॉ. मंजुश्री, एडवोकेट तृप्ति त्रिवेदी, गायत्री नीरज चौबे, के.के. नायकर, कृष्णा राजपूत, मनोज शुक्ला, अभय तिवारी एवं डॉ. मुकुल तिवारी सहित अनेक साहित्यकारों ने इंजीनियर विनोद नयन को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान साहित्य और कबीर दर्शन के प्रति समर्पण का विशेष माहौल देखने को मिला।

पूर्व विधानसभा में सांसद का विशेष जनसंपर्क अभियान

नवभारत,जबलपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन, विश्वास एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जबलपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत पौधारोपण, जनचौपाल, व्यापारियों से संवाद, प्रबुद्धजन एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से भेंट तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद जैसे कार्यक्रम संपन्न हुए। अभियान के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस मंडल एवं तिलक मंडल के विभिन्न वार्डों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर संचालित 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं मातृ वंदना का संदेश दिया गया। वहीं विकास पथ यात्रा के दौरान महर्षि महेश योगी वार्ड स्थित संजीवनी क्लीनिक का निरीक्षण कर हितग्राहियों से संवाद किया गया तथा स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी प्रयासों की जानकारी साझा की। इसके बाद सांसद ने अधारताल नगर निगम मार्केट में व्यापारियों एवं व्यवसायियों से संपर्क कर केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितैषी नीतियों पर चर्चा की । विभिन्न स्थानों पर आयोजित जनचौपालों में क्षेत्रीय नागरिकों, प्रबुद्धजनों एवं वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आत्मीय संवाद कर उनके सुझाव प्राप्त किए गए । इस अवसर पर पूर्व मंत्री अंचल सोनकर, पूर्व भाजपा नगरअध्यक्ष जी.एस. ठाकुर, रंजीत पटेल,राजेश मिश्रा, विवेक राम सोनकर, अमित राय, ऋषि सोनकर, अंजना मनीष अग्रहरि, गोवर्धन कश्यप, विमल राय, महेश राजपूत सहित भाजपा परिवार के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।

जनेकृविवि में पहली बार एआई से छात्रों का चयन

नवभारत, जबलपुर। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा और अधिष्ठाता कृषि संकाय, डॉ. धीरेन्द्र खरे के मार्गदर्शन में स्नातक व स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं हेतु कैंपस साक्षात्कार आयोजित किए जा रहे हैं। प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. अनय रावत ने बताया कि महिको और स्टार एग्रीसीड्स कंपनियों द्वारा तीन चरणों में ऑनलाइन परीक्षा, एआई इंटरव्यू, समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय में लिए गए। इस कैंपस प्रक्रिया में जबलपुर, रीवा, टीकमगढ़, गंजबसौदा और पवारखेड़ा कृषि महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

सफल छात्रों को दी बधाई-चयन प्रक्रिया के बाद महिको कंपनी में 03 छात्रों अनुश्री तिवारी, नवनीत हिडायु और सत्यम पाटिल का 4 लाख 65 हजार रुपए सालाना पैकेज पर चयन हुआ। वहीं स्टार एग्रीसीड्स में 05 छात्रों अंकित पाटिल, अंकुश असाटी, अनुराग नागडे, रोहित मीना और विश्वजीत सिंह का 3 लाख 60 हजार रुपए सालाना पैकेज पर चयन किया गया। इस सफलता पर अधिष्ठाता डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डॉ. स्वाती बार्चे, डॉ. अल्पना सिंह, संचालक डॉ. ए. के. जैन, डॉ. टी. आर. शर्मा, डॉ. विजय यादव, लेखा नियंत्रक संजू तिवारी, उपलेखा नियंत्रक डॉ. अजय खरे, डॉ. अमित शर्मा, इंजी. शरद जैन और डॉ. वाय. एम. शर्मा सहित विवि परिवार ने बधाई दी।

महाकोशल कॉलेज में कॅरियर काउंसलिंग सत्र आयोजित

नवभारत, जबलपुर। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय द्वारा 'कॅरियर काउंसलिंग सत्र' का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को रुचि, योग्यता और भविष्य की संभावनाओं के आधार पर कॅरियर चयन की सलाह दी। इस मार्गदर्शन कार्यक्रम में कुल 43 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने बताया कि इतिहास के विद्यार्थी पुरातत्व, संग्रहालय व अभिलेखागार प्रबंधन, पर्यटन, शोध, शिक्षण, पत्रकारिता, प्रशासनिक सेवाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं में कॅरियर बना सकते हैं। वहीं प्रो. अरुण शुक्ल ने कहा कि हिन्दी के माध्यम से साहित्य, पत्रकारिता, संपादन, अनुवाद, लेखन, प्रकाशन, विज्ञापन, जनसंपर्क, रेडियो और दूरदर्शन क्षेत्रों में रोजगार व स्वरोजगार के व्यापक अवसर हैं। एआई विशेषज्ञ डॉ. शैलेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि आधुनिक युग में एआई, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस, रोबोटिक्स, साइबर सुरक्षा और सॉफ्टवेयर विकास में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं, जहाँ कुशल युवाओं की मांग लगातार बढ़ेगी। वहीं डॉ. हेमंत तनकंपन ने वैश्विक संवाद के लिए अंग्रेजी का महत्व बताते हुए साहित्य, शिक्षण, अनुवाद, कॉर्पोरेट संचार, कंटेंट डेवलपमेंट, मीडिया, पर्यटन व अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में अवसर बताए।

अग्रवाल सभा के समर कैंप में सौरभ दुबे सम्मानित

नवभारत, जबलपुर। जबलपुर अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित समर कैंप में बच्चों को संस्कृत, संस्कृति और भारतीय संस्कारों का महत्व सिखाने में उल्लेखनीय योगदान के लिए पं. सौरभ दुबे को अग्रसेन मंडपम, विजय नगर में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को सदाचार, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और अच्छे संस्कार अपनाकर श्रेष्ठ नागरिक बनने तथा जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई। उन्हें बताया गया कि ज्ञान और संस्कार का समन्वय ही व्यक्ति को सफल व समाजोपयोगी बनाता है। इस अवसर पर जबलपुर अग्रवाल सभा के संरक्षक कैलाश अग्रवाल, अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, सचिव रीतेश अग्रवाल, उद्योगपति कैलाश गुप्ता, पूजा अग्रवाल, महेंद्र अग्रवाल, ब्रजेश अग्रवाल, के. के. अग्रवाल, रामबाबू अग्रवाल, विनय केशरवानी अध्यक्ष केसरवानी समाज, संदीप जैन अध्यक्ष जबलपुर विकास प्राधिकरण सहित समस्त अग्रवाल समाज उपस्थित रहा।

इस्लामी नए साल का इस्तक़बाल

नवभारत, जबलपुर। इस्लामी नए साल के आगमन पर बज़्मे गुलशन-ए-मदीना, नया मोहल्ला के तत्वावधान में मंगलवार को हुसैन चौक पर नमाज़-ए-मग़रिब के बाद परचम कुशाई की रस्म अदा की गई। इस अवसर पर बारगाह-ए-इमाम आली मुकाम में सलातो-सलाम पेश कर इस्लामी नए साल और देश में अमन, भाईचारे, तरक्की व खुशहाली के लिए विशेष दुआएं की गईं। कार्यक्रम में फातिहा ख्वानी के बाद लंगर तकसीम हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। महफ़िल में हाफिज सिराजुल हसन, हाफिज मोहम्मद वारिस, हाफिज अशफ़ाक़ अहमद, हाफिज सलाउद्दीन, हाफिज मोहम्मद तारिक एवं हाफिज इश्तियाक ने कर्बला के शहीदों की शान में मनकबत पेश किया। इस मौके पर खालिद मुबीन, हाजी सलीम सलीमुद्दीन, शाहिद मुबीन, पप्पू वसीम खान, अशरफ सिराजी, तारिक रज़ा, बंटी खान, नक़ी खान, नसीम खान, मुईन खान, आसिफ एंथोनी, अब्दुल जब्बार सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। आयोजन के अंत में सभी उपस्थित लोगों के लिए लंगर-ए-आम का प्रबंध किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत कर बरकत हासिल की।

नृत्यांजलि की रंगमंचीय कार्यशाला का सफल समापन

नवभारत,जबलपुर। सांस्कृतिक संस्था नृत्यांजलि कथक केंद्र द्वारा आयोजित नौ दिवसीय रंगमंचीय प्रशिक्षण कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। समापन समारोह में नगर के प्रमुख संस्कृतिकर्मी, लेखक व कलाकार भी उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन इलाहाबाद (प्रयागराज) के वरिष्ठ रंगकर्मी एवं रंग-प्रशिक्षक प्रवीण शेखर ने किया। प्रवीण शेखर लंबे समय से रंगमंच, अभिनय प्रशिक्षण

और सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े रहे हैं तथा देश के विभिन्न शहरों और ग्रामीण अंचलों में रंगमंच कार्यशालाओं का संचालन कर चुके हैं। नौ दिनों तक चले प्रशिक्षण में अभिनय, वाणी, शारीरिक अभिव्यक्ति, एकाग्रता, कल्पनाशीलता, मंच अनुशासन, समूह निर्माण तथा विभिन्न रंगमंचीय खेलों के माध्यम से प्रतिभागियों को थिएटर की बुनियादी समझ विकसित करने का अवसर मिला। कविताओं के दृश्य भी तैयार किये गये जिसे आगे आने वाले समय मे मंच पर प्रस्तुत किया जायेगा। नृत्यांजलि की ओर से डॉ शैली धोपे ने सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षक प्रवीण शेखर तथा सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन की प्रतिबद्धता दोहराई।

हसनी हुसैनी सोसायटी जबलपुर की नई जिला कार्यकारिणी घोषित

नवभारत,जबलपुर। हसनी हुसैनी सोसायटी की जबलपुर जिला इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन प्रदेश अध्यक्ष मो. सोहेल (मोनू) एवं प्रदेश सचिव शेख राजिक की अध्यक्षता में किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

घोषित कार्यकारिणी के अनुसार समीर अली (बाबा) को जिला अध्यक्ष, सैय्यद अशरफ

अली एवं कैफ बंगाली (समर) को जिला उपाध्यक्ष, शेख अयाज़ को जिला सचिव, शाहरुख खान (अरमान) एवं निहाल अंसारी को जिला सहसचिव, अजहर खान को जिला कोषाध्यक्ष तथा नियाज़ अहमद को सोसायटी का जिला ब्लड बैंक प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मो. सोहेल (मोनू) एवं प्रदेश सचिव शेख राजिक ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि वे संगठन की विचारधारा के अनुरूप कार्य करते हुए समाजसेवा और मानवता की भलाई के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे तथा वे सभी धर्मों और समाज के जरूरतमंद लोगों की ख़िदमत-ए-ख़ल्क़ (मानव सेवा) के कार्यों को निरंतर अंजाम

पौधे रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

नवभारत,जबलपुर। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप संस्कारधानी के तत्वाधान में 51 से अधिक फलदार वृहद पौधारोपण अभियान के अंतर्गत आम, पीपल, नीम, जामुन, आंवला, बिही, गुलमोहर एवं सिंदूर औषधीय ,छायादार पौधों का रोपण मढ़िया तीर्थ में किया गया। कार्यक्रम में सी ए मनोज जैन एवम् मढ़िया जी तीर्थ के अध्यक्ष राजेंद्र जैन मम्मा मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि मढ़िया जी तीर्थ कोषाध्यक्ष सुबोध कामरेड,रीजन सचिव हेमंत जैन, आलोक जैन मौजूद रहे।

प्रदर्शन | मीनाक्षी नटराजन के नामांकन निरस्त करने के विरोध में प्रदर्शन

एनएसयूआई का उग्र प्रदर्शन, वॉटर कैनन से पुलिस ने किया तितर-बितर

नोकझोंक एवं धक्का-मुक्की की स्थिति निर्मित हो गई। कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग हटाकर आगे बढ़ने का प्रयास किया, जिसके चलते मौके पर तनावपूर्ण माहौल बन गया। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस प्रशासन को वाटर कैनन का प्रयोग करना पड़ा, जिसके बाद प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर किया गया।

नवभारत,जबलपुर। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) जबलपुर द्वारा कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में रानीताल चौक पर उग्र प्रदर्शन किया गया। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष सचिन रजक के नेतृत्व में प्रदेश सरकार एवं चुनावी प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए भाजपा कार्यालय की ओर कूच किया।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन निरस्त किया जाना लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। इस दौरान बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता रानीताल चौक से भाजपा कार्यालय की ओर बढ़ रहे थे, तभी पुलिस प्रशासन ने बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी

विपक्ष की आवाज को दबा रही सरकार

एनएसयूआई पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार लोकतांत्रिक अधिकारों का दमन कर विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने ये भी कहा कि कांग्रेस उम्मीदवार के नामांकन को निरस्त किया जाना केवल एक व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था और संविधान की भावना पर सीधा प्रहार है। प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष सचिन रजक,राष्ट्रीय सचिव करन तामसेतवार, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित मिश्रा,रिजवान अली,नीलेश माहर ,देवकी पटेल,अभिषेक पटेल ,राहुल रजक,मो एजाज , हिमांशु रजक, सहित भारी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

द्वारकाधीश मंदिर और एलोरा यात्रा के लिए रवाना होगी गौरव पर्यटक ट्रेन

नवभारत,जबलपुर। मध्यप्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा भारत गौरव पर्यटक ट्रैन का संचालन किया जा रहा है जो 11 जुलाई को रीवा शहर से`5 ज्योतिर्लिंग के साथ द्वारकाधीश मंदिर एवं एलोरा यात्रा के लिए रवाना होगी।

क्षेत्रीय प्रबंधक आईआरसीटीसी, मोसेस बेंजामिन ने प्रेस वार्ता में इस सर्व समावेशी टूर की जानकारी साझा की, जिसमें भारत गौरव ट्रेन के विशेष एलएचबी रेक में आरामदायक रेल यात्रा, ऑन-बोर्ड और ऑफ-बोर्ड भोजन, सड़क परिवहन और गुणवत्तायुक्त बसों में दर्शनीय स्थलों की यात्रा, यात्रा कार्यक्रम के अनुसार आवास की व्यवस्था, यात्रा में टूर एस्कॉर्ट्स, यात्रा बीमा, ऑन-बोर्ड सुरक्षा और हाउसकीपिंग की सेवा शामिल है। उन्होंने आगे बताया कि यह ट्रेन रीवा, सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, रानी कमलापति, शुजालपुर एवं उज्जैन स्टेशनों से होते हुए जाएगी, जहाँ से यात्री इस ट्रैन पर सवार हो सकेंगे। दस रातें 11 दिनों की इस यात्रा में द्वारका, नागेश्वर, सोमनाथ, भीमाशंकर, त्रिम्बकेश्वर, घृष्णेश्वर एवं एलोरा के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जायेगा।